भारत सरकार
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या: 1118
दिनांक 25 जुलाई, 2025 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

कोविड-19 टीकाकरण

†1118. श्री मोहिब्बुल्लाहः

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार देश में कोविड-19 टीकाकरण के कारण अचानक हुई मौतों पर जनता की चिंताओं को स्वीकार करती है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) इस संबंध में सरकार द्वारा गलत सूचना को दूर करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं/उठाए जाने का प्रस्ताव है;

(ग) कोविड-19 महामारी के बाद युवा वयस्कों की अचानक अस्पष्ट कारण से हुई मौतों पर भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) और राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र (एनसीडीसी) द्वारा किए गए अध्ययनों के प्रमुख निष्कर्ष क्या हैं;

(घ) क्या सरकार ने चिकित्सा संस्थानों या राजकीय स्वास्थ्य विभागों को अचानक अस्पष्ट कारण से हुई मौतों के मामलों की अधिक व्यवस्थित रूप से निगरानी और रिपोर्ट करने के लिए कोई निर्देश जारी किए हैं और यदि हाँ, तो तत्संबंधी व्यौरा क्या है;

(ङ) वर्तमान में चल रहे गलत सूचना अभियानों के बीच सरकार द्वारा राष्ट्रीय कोविड-19 टीकाकरण कार्यक्रम में जनता का विश्वास मजबूत करने के लिए क्या उपाय किए गए हैं/ किए जाने का विचार है; और

(च) एम्स और आईसीएमआर द्वारा किए जा रहे "युवाओं की अचानक अस्पष्ट कारण से हुई मौतों के कारणों का पता लगाना" शीर्षक वाले अध्ययन की वर्तमान स्थिति और उद्देश्य क्या हैं?

उत्तर
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्री प्रतापराव जाधव)

(क) और (ख): भारत सरकार देश में कोविड-19 टीकाकरण के बाद अचानक होने वाली मौतों को लेकर जनता की चिंता से अवगत है। कोविड-19 टीकों की सुरक्षा और प्रभावकारिता के बारे में जागरूकता बढ़ाने और टीकाकरण के प्रति विश्वास बनाए रखने के लिए, एक संचार कार्यनीति लागू की गई है जिसे सभी राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में कार्यान्वित किया गया है। संचार कार्यनीति के हिस्से के रूप में कुछ प्रमुख अंतक्षेपों में आम जनता और स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं के लिए अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न शामिल हैं जो स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय की वेबसाइट **(https://www.mohfw.gov.in/pdf/FAQsforHCWs&FLWs.pdf)** पर उपलब्ध हैं; टीकाकरण के प्रति विश्वास पैदा करने के लिए अभिज्ञात विशेषज्ञों द्वारा ओप-एड और लेख प्रकाशित किए गए;

सही और तथ्यात्मक जानकारी प्रदान करने के लिए प्रमुख विशेषज्ञों द्वारा तथ्य-जांच वीडियो का प्रसार किया गया। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को भ्रांतियों को दूर करने और टीकाकरण के प्रति विश्वास बनाए रखने के लिए आम जनता के बीच स्पष्ट, सुसंगत, पारदर्शी और तथ्यात्मक जानकारी प्रसारित करने की सलाह दी है।

(ग) और (च): आईसीएमआर और एनसीडीसी ने अचानक हुई मौत के कारणों की जाँच के लिए दो दृष्टिकोण अपनाए। इन दोनों अध्ययनों का विवरण इस प्रकार है:

अध्ययन 1: आईसीएमआर एनआईई ने मई-अगस्त 2023 के दौरान भारत के 19 राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में स्थित 47 विशिष्ट परिचर्या अस्पतालों में "भारत में 18-45 वर्ष की आयु के वयस्कों में अचानक अस्पष्ट मौतों से जुड़े कारक - एक बहुकेंद्रीय समेल केस-कंट्रोल अध्ययन" शीर्षक से एक अध्ययन किया।

इस अध्ययन में पाया गया कि कोविड-19 टीकाकरण से भारत में युवा वयस्कों में अस्पष्ट आकस्मिक मृत्यु का जोखिम नहीं बढ़ा। पूर्व में कोविड-19 के कारण अस्पताल में भर्ती होना, आकस्मिक मृत्यु का पारिवारिक इतिहास और कुछ जीवनशैली संबंधी आदतों ने अस्पष्ट आकस्मिक मृत्यु की संभावना को बढ़ा दिया।

अध्ययन 2: "युवाओं में अचानक और अस्पष्ट मृत्यु के कारणों का पता लगाना" शीर्षक वाला यह अध्ययन वर्तमान में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), नई दिल्ली द्वारा आईसीएमआर के सहयोग और वित्त पोषण से किया जा रहा है। यह एक संभावित अध्ययन है जिसका उद्देश्य युवा वयस्कों में अचानक मृत्यु के सामान्य कारणों का पता लगाना है। इस अध्ययन का उद्देश्य 18 से 45 वर्ष की आयु के युवा वयस्क रोगियों में अचानक मृत्यु के सामान्य कारणों का पता लगाना है। यह अध्ययन अभी पूरा नहीं हुआ है।

(घ): कोविड-19 टीकाकरण के बाद प्रतिकूल परिणामों (एईएफआई) की निगरानी, रिपोर्टिंग, प्रबंधन और मूल्यांकन की प्रक्रिया को कोविड-19 टीकाकरण के परिचालन दिशानिर्देशों में स्पष्ट रूप से निर्धारित किया गया है। कोविड-19 टीकाकरण के लिए एईएफआई समिति को कार्डियोलॉजी/न्यूरोलॉजी/श्वसन चिकित्सा/प्रसूति आदि के विशेषज्ञों को शामिल करके सुदृढ़ किया गया।

(ङ): कोविड-19 टीकाकरण कार्यक्रम में जनता का विश्वास मज़बूत करने के लिए, भारत सरकार ने एक बहुआयामी, साक्ष्य आधारित संचार और आउटरीच कार्यनीति-अपनाई है। प्रमुख उपायों में निम्न शामिल हैं:

- **प्रेस नोट, प्रेस विज्ञप्तियाँ और सोशल मीडिया अभियान:** सरकार ने कोविड-19 टीकों के वैज्ञानिक प्रमाण और सुरक्षा को स्पष्ट करते हुए कई प्रेस नोट और विज्ञप्तियाँ जारी कीं।
- **विशेषज्ञों के नेतृत्व में सार्वजनिक संचार:** 23 प्रतिष्ठित विशेषज्ञों और उद्योग जगत की हस्तियों ने सार्वजनिक बयान जारी करके, मीडिया ब्रीफिंग में भाग लेकर और नागरिकों के साथ

जुड़कर दिनांक 3 और 4 जुलाई, 2025 को मिथकों को दूर करने और टीके की सुरक्षा और प्रभावकारिता की पुष्टि करने के लिए सरकार के प्रयासों का सक्रिय रूप से समर्थन किया।

- **कार्यनीतिक मीडिया सहभागिता:** मंत्रालय ने विशेषज्ञों की राय और वैज्ञानिक अपडेट को बढ़ावा देने के लिए एएनआई, पीटीआई, डीडी न्यूज़ और आईएएनएस जैसी मुख्यधारा की समाचार एजेंसियों का लाभ उठाया। भ्रामक सूचनाओं से निपटने और जन जागरूकता बढ़ाने के लिए इन्हें विभिन्न प्लेटफार्मों पर व्यापक रूप से साझा किया गया।

- **सतत वैज्ञानिक अनुसंधान और पारदर्शिता:** सरकार ने आईसीएमआर और एम्स द्वारा किए गए दो बड़े अध्ययनों के अंतरिम निष्कर्षों को सार्वजनिक रूप से जारी करके (https://www.pib.gov.in/PressReleseDetail.aspx?PRID=2141419) पूर्ण पारदर्शिता सुनिश्चित की। दोनों अध्ययनों ने यह निष्कर्ष निकाला कि कोविड-19 टीकाकरण और अचानक होने वाली मौतों के बीच किसी कारणात्मक संबंध का कोई प्रमाण नहीं है। ये वैज्ञानिक अपडेट जनता को सूचित करने और आश्वस्त करने के एक सक्रिय प्रयास का हिस्सा थे।

*****